## सुविचार



प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्ते-पत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है।

- हरिऔध


# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- तीन वैवाहिक समारोह से लाखों के जेवर चोरी II
- इजहार-ए-इश्क ने महंगा कर दिया गुलाब III
- उत्तराखंड और कर्नाटक का मुकाबला आज से IV


लखनऊ, रविवार, 15 फरवरी 2026

## शहर में आज



- सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन- 8:00 बजे से।
- केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल फेज-2 में फेफड़ों के कैंसर में पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग की भूमिका पर सम्मेलन- 12:00 बजे से।
- सीतापुर रोड स्थित शिव नगर खदरा के शिव पार्क में पं. दीनदयाल उपाध्याय साहित्यिक सेवा संस्थान की ओर से महाशिवरात्रि पर कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह- 8:00 बजे से।

☞ 'पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# बाइक सवार युवक के गले में फंसा मांझा, पत्नी और बच्ची संग सड़क पर गिरा



बच्ची को गोद में लिए घायल मुशर्रफ।

- गले में लगी मांझे की धार, पत्नी भी चोटिल, बच्ची बाल-बाल बची
- हुसैनगंज से ऐशबाग जाने वाले फ्लाईओवर पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हुसैनगंज से ऐशबाग जाने वाले फ्लाईओवर पर शनिवार दोपहर बाइक से जा रहे युवक की गर्दन में मांझा फंस गया। मांझे से गर्दन कटने से घाव हो गया, दर्द से छटपटाते युवक के हाथ से ब्रेक दब गई। बाइक स्लिप होने से युवक, पत्नी और चार माह की दुधमुंही बेटी सड़क पर गिर गए।

हादसे में पत्नी को भी मामूली चोटें आई हैं, बच्ची बाल-बाल बची। हुसैनगंज में शेर वाली कोठी के पास रहने वाले मो. मुशर्रफ प्राइवेट नौकरी करते हैं। शनिवार को वह पत्नी नेहा और चार माह की बेटी फरवा के साथ बाइक पर रिश्तेदार के घर जा रहे थे। दोपहर करीब 2:30 बजे हुसैनगंज से ऐशबाग फ्लाईओवर पर थे। इसी दौरान मो. मुशर्रफ की गर्दन में मांझा फंस गया। उन्होंने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे बाइक स्लिप हो गई। सड़क पर गिरी नेहा ने गोद में बेटी को तो किसी तरह बचा लिया लेकिन खुद चोटिल हो गई। वहीं, गर्दन पर मांझे की धार से मुशर्रफ भी मामूली रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उठाकर मुशर्रफ, उनकी पत्नी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद मुशर्रफ की हालत स्थिर है।


मुशर्रफ ने बताया कि मांझा गर्दन में फंसने से बाइक कंट्रोल से बाहर हो गई। पत्नी और बच्ची समेत फ्लाईओवर पर गिर गया। गनीमत रही कि फ्लाईओवर से नीचे नहीं गिरा या पीछे से आ रहे किसी वाहन की चपेट में नहीं आए, वरना बड़ा हादसा हो जाता। पीड़ित ने चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि पीड़ित ने कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

### मांझे से पहले भी हुए हैं हादसे

- 13 फरवरी : कैंट में ध्रुव नारायण पांडेय कैंट इलाके में मांझे से घायल हुए।
- 08 फरवरी : ठाकुरगंज में मांझे से पोर्टर गुड्डू की नाक कटी।
- 08 फरवरी : नाका फ्लाईओवर पर मांझे की चपेट में आने के मुकेश की भौं कटी।
- 08 फरवरी : हीवेट रोड पर मांझे से छात्र आकिब घायल।
- 07 फरवरी : ठाकुरगंज में मांझे ने रेती विमलेश तिवारी की नाक।
- 04 फरवरी : हैदरगंज ओवरब्रिज पर गर्दन कटने से मोहम्मद शोएब (33) की मौत।
- 05 फरवरी : चौक में मांझे से हाईस्कूल छात्र नजम खान की गर्दन कटी।
- 05 फरवरी : शहीद पथ इकाना हॉस्पिल के पास चाइनीज मांझे से रिटायर्ड सैन्यकर्मी बृजेश राय का चेहरा कटा।
- 05 फरवरी : गोमतीनगर विस्तार में बिजली विभाग के कर्मचारी सुधीर कुमार चाइनीज मांझे से घायल।

# मोबाइल फोन बना रहा बच्चों को भेंगा

## 10-15 बच्चे हर महीने इलाज के लिए लाए जा रहे केजीएमयू



**01** से दो मरीज ही आते थे कोविड के पहले तक


**05** से 15 वर्ष तक आयु के बच्चे ज्यादा आ रहे चपेट में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोबाइल, टैब और लैपटॉप की स्क्रीन पर लंबा समय बिताने वाले बच्चों की आंखों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कोविड के बाद ऐसे बच्चों में भेंगापन (आंखों का टेढ़ापन) तेजी से बढ़ रहा है। गंभीर अवस्था में पहुंचने पर कई बच्चों का ऑपरेशन तक कराना पड़ रहा है। ये चिंताजनक जानकारी शनिवार को केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग के डॉ. सिद्धार्थ अग्रवाल ने दी।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के नेत्र रोग विभाग सभागार में इंटरनेशनल जार्जियन एल्युमनाई मीट का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि पांच से 15 वर्ष की आयु के बच्चों में भेंगापन की समस्या बढ़ रही है। कोविड से पहले दो से तीन महीने में एक-दो मरीज आते थे, लेकिन अब हर महीने 10 से 15 बच्चे इलाज के लिए लाए जा रहे हैं।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय तक स्क्रीन पर लगातार फोकस बनाए रखने से आंखों की मांसपेशियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। जब बच्चा मोबाइल को बहुत पास से देखता है या घंटों गेम खेलता है, तो दोनों आंखों के बीच तालमेल बिगड़ने लगता है। यही स्थिति आगे चलकर भेंगापन का रूप ले सकती है।ऑनलाइन पढ़ाई, गेमिंग और वीडियो देखने की बढ़ती आदत ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। कई बच्चे प्रतिदिन चार से छह घंटे तक स्क्रीन पर समय बिता रहे हैं। कम उम्र में आंखों की मांसपेशियां पूरी तरह विकसित नहीं होतीं, ऐसे में अत्यधिक स्क्रीन एक्सपोजर स्थायी नुकसान पहुंचा सकता है। समय पर ध्यान न देने पर दृष्टि क्षमता और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो सकती हैं।



### छोटे बच्चों को रखें स्क्रीन से दूर

- नेत्र रोग विभाग की अध्यक्ष एवं प्रति कुलपति डॉ. अपजीत कौर ने कहा कि नई गाइडलाइन के अनुसार तीन वर्ष से कम आयु के बच्चों को मोबाइल से पूरी तरह दूर रखना चाहिए। तीन से पांच वर्ष के बच्चों को अधिकतम आधा घंटा ही स्क्रीन टाइम देना उचित है। विशेषज्ञों ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों के स्क्रीन टाइम पर निगरानी रखें और आंखों में किसी भी असामान्य बदलाव की स्थिति में तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लें।

## बच्चों को कैंसर के प्रति किया जागरूक



जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों के साथ चिकित्सक।


**अमृत विचार, लखनऊ :** कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विभाग की ओर से शनिवार को इंटरनेशनल चाइल्डहुड कैंसर अवेयरनेस डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट और विभागाध्यक्ष डा. गीतिका पंत के मार्गदर्शन में हुआ। विभागाध्यक्ष डा. गीतिका पंत ने बच्चों में कैंसर का समय पर निदान और उपचार के महत्व पर जोर देते हुए कहा समाज, अभिभावक और स्वास्थ्यकर्मी की जागरूकता ही बच्चों को सुरक्षित भविष्य दे सकती है। एसोसिएट प्रोफेसर डा. राखी जैन ने कैंसर सर्वाइवर्स की जीवन यात्रा, उपचार के दौरान चुनौतियां और उपचार के बाद सामाजिक-मानसिक समर्थन की आवश्यकता पर चर्चा की। कार्यक्रम में कैंसर से विजयी बच्चों ने अपनी प्रेरक कहानी साझा की और विभाग की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया।संस्थान की डीन डॉ. सबुही कुरैशी, डॉ. विजेंद्र, डॉ. आयुष लोहिया, डॉ. वरुण विजय सहित फैकल्टी, रेजिडेंट्स, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## तीन मिमी से बड़ी गॉल ब्लैडर पथरी को न करें नजरअंदाज

- **अमृत विचार, लखनऊ :** गॉल ब्लैडर में तीन मिलीमीटर से बड़ी पथरी को नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है। समय पर इलाज न कराने पर यह आगे चलकर कैंसर का कारण बन सकती है। यह चेतावनी केजीएमयू के जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनव अरुण सोनकर ने शनिवार को विभागीय प्रेक्षागृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि कई मरीज दर्द न होने पर पथरी को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि छोटी पथरी भी लगातार सूजन और संक्रमण का कारण बन सकती है। डॉ. अक्षय आनंद ने बताया कि डायबिटीज के मरीजों में गॉल ब्लैडर में पथरी बनने की आशंका अधिक रहती है। ऐसे मरीजों में कोलेस्ट्रॉल ज्यादा जमा होता है, जिससे सफेद चमकीली पथरी बन सकती है।डॉ. एच.एस. पाहवा ने सलाह दी कि जिन लोगों को पेट के ऊपरी हिस्से में बार-बार दर्द या अपच की शिकायत रहती है, उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए और जांच अवश्य करानी चाहिए। डॉ. गीतिका नंदा सिंह ने कहा कि 40 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को साल में एक बार मैमोग्राफी करानी चाहिए, ताकि स्तन कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सके। डॉ. अभिनव उन्होंने बताया कि विभाग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 17 से 20 फरवरी तक प्लास्टिक, वस्कुलर, थोरेसिक, ट्रॉमा और ऑन्कोलॉजी विषय पर कॉन्फ्रेंस में देशभर से डॉक्टर भाग लेंगे। 21 को 114वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जाएगा।

## सरकारी डॉक्टर पर निजी अस्पताल चलाने का आरोप

- **अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा और तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह पवांर ने बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर डॉ. अनिल कुमार अग्रहरि पर इटौंजा क्षेत्र में निजी अस्पताल संचालित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजकर जांच की मांग की है। ये भी आरोप लगाया है कि डॉ. अग्रहरि के अस्पताल 'त्रिभुगी हॉस्पिटल' का पंजीकरण भी नहीं है। सरकारी अस्पताल की दवाएं निजी अस्पताल में बेची जाती हैं। आयुष्मान कार्ड धारकों को मुफ्त इलाज का झांसा देकर आर्थिक शोषण करने का भी आरोप है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने जांच कराने की बात कही है। डॉ. अनिल कुमार अग्रहरि ने कहा, संविदा पर कार्यरत हैं, इसलिए नियमों के तहत निजी प्रैक्टिस कर सकते हैं। अस्पताल के पंजीकरण के लिए दस्तावेज सीएमओ कार्यालय में जमा किए जा चुके हैं। सरकारी दवाएं बेचने समेत अन्य आरोप बेबुनियाद हैं।







## अग्निवीर बनने पहुंचे 758 युवा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेटियम में आयोजित भर्ती रैली के नौवें दिन शनिवार को गोंडा जिले के अंतर्गत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तथा बांदा जिले के अंतर्गत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसीलों के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए बुलाये गए 1022 अभ्यर्थियों में से 758 भर्ती रैली में शामिल हुए। 15 फरवरी को कन्नौज जिले के अंतर्गत छिबरामऊ, कन्नौज, तिर्वा, हसेरन और महोबा जिले के अंतर्गत कुलपहाड़, चरखारी और महोबा की तहसीलों के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी।

## एक दिन में 100 किसानों ने की 51 बीघा जमीन की रजिस्ट्री

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की नैमिष नगर योजना के लिए एक ही दिन में 100 किसानों ने अपनी 51 बीघा से अधिक जमीन दी। इसके लिए शनिवार को अवकाश के दिन बीकेटी तहसील स्थित निबंधन कार्यालय खोला गया और किसानों से जमीन के बैनामे निष्पादित कराए गए। इस दौरान किसानों को 38 करोड रुपए की धनराशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से वितरित की गई। नैमिष नगर योजना की प्रभारी अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि योजना से प्रभावित किसानों को रजिस्ट्री के साथ ही प्रतिकर वितरण से लगातार सहमति पत्र प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना के लिए भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर की जमीन चिह्नित की गई है।

## गोमती नगर विस्तार में 7.5 करोड़ से बाढ़ पंपिंग स्टेशन तैयार

- **अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर विस्तार में 7.5 करोड़ की लागत से बाढ़ पंपिंग स्टेशन बनकर तैयार है। 400 केएल क्षमता के इस पम्पिंग स्टेशन से बरसात में निवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शनिवार को पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण करके मशीनों की टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए। एलडीए के मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में जी-20 रोड के निकट बाढ़ पंपिंग स्टेशन स्थापित किया गया है। इसमें कुल छह पंप लगाए गए हैं। प्रत्येक पंप 60 एचपी का है। एक पंप प्रति मिनट 13,000 लीटर पानी निकालेगा। मुख्य अभियंता ने बताया कि एलडीए ने जनेश्वर मिश्र पार्क, कैटिल कालोनी गऊ घाट व बसंतकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास भी 400 केएल क्षमता के 3 बाढ़ पंपिंग स्टेशन निर्मित किए हैं।

## सिटी ब्रीफ

### प्रतिबंधित पॉलीथिन पर वसूला 29 हजार जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शनिवार को जोन 1 में प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरूद्ध अभियान चलाकर 29 हजार रुपये जुर्माना वसूला। जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक सिंह के नेतृत्व में एसएफआई सुनील वर्मा की उपस्थिति में प्रतिबंधित पॉलीथिन पाए जाने पर 'रंजन स्नैक्स फूड' पर 15,000 रुपये, 'द ऑर्गेनिक डिलाइट' का 10,000 रुपये चालाना काटा। 'चारमिनार' तथा 'रहमान मुरादाबादी' पर 2-2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### बड़े बकायेदारों के विज्ञापन पट हटाए गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के प्रचार विभाग ने प्रचार अनुज्ञा शुल्क (लाइसेंस फीस) जमा न करने वाले बड़े बकायदारों के खिलाफ शनिवार को सख्त कार्रवाई की। लंबे समय से शुल्क बकाया होने के बाद भी संबंधित एजेंसियों द्वारा भुगतान नहीं किए जाने पर निगम प्रशासन ने अभियान चलाकर उनके विज्ञापन पटों पर प्रदर्शित सामग्री को हटा दिया। प्रचार विभाग ने 153 विज्ञापन एजेंसियों पर 4 करोड़ से अधिक बकाये पर नोटिस जारी करके 3 दिन का समय दिया था। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में बिना शुल्क जमा किए या अनुमति के विज्ञापन प्रदर्शित करना नियमों के विरूद्ध है। उन्होंने एडवरटाइजर्स से अपील की है कि वे शीघ्र अपना बकाया लाइसेंस शुल्क जमा करें।

### अवकाश के दिन जमा हुआ 35 लाख गृहकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवकाश के दिन शनिवार को भी नगर निगम के जोनल कार्यालय और कैश काउंटर खुले रहे। इस बीच भवन स्वामियों ने कैश काउंटरों पर 35 लाख रुपये गृहकर जमा किया। इसके अलावा भवनों का कर निर्धारण भी किया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर भवन स्वामियों की सुविधा और गृहकर वसूली में तेजी लाने के लिए नगर निगम ने शनिवार को अवकाश के दिन भी जोनल कार्यालय और कैश काउंटर खोले। रविवार को भी जोनल कार्यालय और कैश काउंटर खुले रहेंगे।

### चार हजार वर्गफीट सरकारी जमीन कराई अतिक्रमणमुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शनिवार को सरोजनीनगर तहसील के ग्राम मिरानपुर पिनवट में 6 करोड़ मूल्य की 4,000 वर्गफीट सरकारी जमीन अतिक्रमणमुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम मिरानपुर पिनवट स्थित गाटा संख्या 12, क्षेत्रफल 0.544 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज की भूमि के रूप में दर्ज है। इस पर कुछ स्थानीय व्यक्तियों ने कॉम्प्लेक्स निर्माण करने के साथ प्लॉटिंग कर रहे थे। सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) रामेश्वर प्रसाद और तहसीलदार नगर निगम अरविंद पांडेय के नेतृत्व में टीम भेजकर निर्माणाधीन ढांचे को ध्वस्त कर दिया। नायब तहसीलदार तेजस्वी प्रकाश, लेखपाल अनुपम कुमार, तहसील सरोजनी नगर के राजस्व निरीक्षक समर बहादुर सिंह तथा लेखपाल अमरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

**शोध** | लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व आयुर्वेद विभागाध्यक्ष प्रो. जेएन मिश्रा के अध्ययन में आए सकारात्मक परिणाम

# आयुर्वेद में सूत्र विधि से केलोइड का सटीक इलाज संभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब आयुर्वेद में सूत्र विधि (संपीड़न प्रवणता तकनीक) से केलोइड ट्यूमर का सटीक और पुनरावृत्ति-रहित इलाज संभव होने का दावा किया गया है। यह निष्कर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय में आयुर्वेद विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जेएन मिश्रा के अध्ययन में सामने आया है।

प्रो. जेएन मिश्रा ने इस तकनीक का प्रयोग स्वयं सहित तीन अन्य मरीजों पर किया, जिनमें सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। उन्होंने शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी साझा की। प्रो. के अनुसार, केलोइड का पारंपरिक शल्य-उपचार (ऑपरेशन) करने पर पुनरावृत्ति की संभावना बनी रहती है। साथ ही टिश्यू को नुकसान, रक्तस्राव, दर्द और स्थायी दाग जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। उन्होंने बताया कि सूत्र विधि से बिना टिश्यू को क्षति पहुंचाए केलोइड को समाप्त किया जा सकता है। मरीज को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती और यह अपेक्षाकृत कम खर्चीली प्रक्रिया है। प्रो.जेएन ने दावा किया कि बीते दिनों उन्होंने इस तकनीक को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी प्रस्तुत किया। जहां से गूगल ने इसे अपने रिकॉर्ड में लिया है।



पत्रकारवार्ता में सूत्र विधि के बारे में जानकारी देते हुए प्रो जेएन मिश्रा साथ में अन्य।

### इन केस स्टडी में मिली सफलता

- 44 वर्षीय पुरुष की उंगली के डोर्सम पर पॉलीपस केलोइड। तीन बार ऑपरेशन के बाद भी पुनरावृत्ति। सूत्र विधि से 21वें दिन पूर्ण समाप्ति।
- 28 वर्षीय युवक की पीठ पर खुजलीदार व दर्दयुक्त सूजन। बायोप्सी में केलोइड की पुष्टि। ऑपरेशन के बाद दोबारा उभरा। सूत्र विधि से 28 दिन में पूर्ण विलुप्ति।
- 60 वर्षीय महिला के घुटने के पीछे केलोइड। दो बार ऑपरेशन के बाद पुनरावृत्ति। फरवरी 2010 में सूत्र विधि से उपचार, तब से पुनरावृत्ति नहीं।
- 32 वर्षीय युवक के कान के नीचे जन्मजात केलोइड। तीन बार ऑपरेशन के बाद दोबारा हुआ। 2 मार्च 2012 से सूत्र विधि शुरू, 12 मार्च को समाप्त। अब तक पुनरावृत्ति शून्य।
- केलोइड एक असामान्य दाग है, जो चोट, सर्जरी, जलन, पिंपल या कान छिदवाने के बाद बन सकता है। इसमें घाव भरने की प्रक्रिया अत्यधिक सक्रिय हो जाती है और दाग त्वचा की मूल सीमा से बाहर तक बढ़ जाता है।

### ऐसे किया जाता इलाज

- इस विधि में नरम धागे से केलोइड के चारों ओर गांठ लगाकर उसे बांध दिया जाता है।
- लगभग 20 एमएम तक दबाव (जब तक हल्का दर्द महसूस हो)
- हर तीसरे दिन धागे को कसकर दबाव बढ़ाया जाता है
- 10 से 21 दिनों में केलोइड सूखकर समाप्त हो जाता है
- कुछ समय बाद निशान भी हल्का पड़ जाता है

### लक्षण

- उभरा हुआ, मोटा और कठोर दाग
- खुजली या जलन
- छूने पर दर्द
- त्वचा से गहरा रंग

### शरीर के इन हिस्सों में अधिक

- कान की लोब
- कंधे
- छाती
- पीठ
- गर्दन

# फेफड़ों का कैंसर साइलेंट किलर
## समय पर जांच से हो सकता बचाव

- एआईपीकॉन 2026 में विशेषज्ञों की चेतावनी, केजीएमयू में उपलब्ध आधुनिक जांच व इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फेफड़ों का कैंसर अक्सर बिना स्पष्ट लक्षणों के शरीर में पनपता है, जिससे मरीज देर से डॉक्टर के पास पहुंचते हैं। समय पर जांच और सटीक उपचार से इस बीमारी पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। ये जानकारी केजीएमयू के पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने शनिवार को शताब्दी भवन प्रेक्षागृह में हुए एआईपीकॉन 2026 में दी।

डॉ. वेद ने बताया कि फेफड़ों के कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। शुरुआती चरण में मरीज को लगातार खांसी, थकान, सांस लेने में हल्की कठिनाई या बार-बार फेफड़ों में संक्रमण जैसे लक्षण हो सकते हैं। चूंकि ये लक्षण सामान्य सर्दी-खांसी या धूम्रपान से जुड़ी समस्याओं से मिलते-जुलते हैं, इसलिए लोग इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में ट्यूमर का आकार छोटा होता है, जिससे स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते। जैसे-जैसे कैंसर बढ़ता है, मरीज को खून वाला बलगम, सीने में दर्द और सांस लेने में गंभीर कठिनाई महसूस हो सकती है। उन्होंने कहा कि केजीएमयू में फेफड़ों के कैंसर की पहचान और आधुनिक उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

दिल्ली स्थित पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट के पूर्व निदेशक डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सीटी स्कैन, बायोप्सी और अन्य इमेजिंग तकनीकों के माध्यम से रोग की समय पर पहचान संभव है। उन्होंने जोर दिया कि सही समय पर सटीक इलाज से बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## सिटी ब्रीफ

### निजी अस्पताल की महिलाकर्मी को अगवा करने का प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहीद पथ स्थित निजी अस्पताल की महिला कर्मी ने अपने पूर्व परिचित पर मारपीट कर कार से अगवा करने के प्रयास का आरोप लगाया है। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फार्मासिस्ट शबीना खातून ने बताया कि कानपुर के सरन स्टेट, अहिरवा निवासी उपेंद्र कुमार रौशन उनके परिचित थे। गलत आदतों और व्यवहार से परेशान होकर पीड़िता ने उससे दूरी बना ली थी। इसके बाद से आरोपी उन्हें फोन कर गाली–गलौज और धमकाता था। पीड़िता ने बताया कि बुधवार शाम करीब 8:20 बजे वह अपने सहकर्मी प्रशांत के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। इसी दौरान मंदाकिनी एंक्लेव के पास आरोपी ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर आरोपी और उसके साथियों ने दोनों के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने महिला को जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी मौके से फरार हो गया।

### छेड़छाड़ कर युवती को पीटा, तोड़ी दीवार

**अमृत विचार , आलमबाग :** कृष्णानगर क्षेत्र में मकान निर्माण कार्य को लेकर विवाद में पड़ोसियों और अधिवक्ता वेशभूषा में पहुंचे कुछ लोगों ने युवती के साथ मारपीट और छेड़छाड़ की। आरोप है कि गेट और दीवार तोड़ने के साथ बीच–बचाव करने आए मजदूर पर भी हमला किया गया। पीड़िता की तहरीर पर कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आजाद नगर निवासी युवती के अनुसार 11 फरवरी की दोपहर वह अपने मकान की दीवार बनवा रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी विद्यासागर, सोनू और अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव तीन–चार अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने दीवार और गेट तोड़ दिया। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट और छेड़छाड़ की। बीच–बचाव करने पर मजदूर मो. अंसारी पर बल्ली और सरिया से हमला कर घायल कर दिया। मोहल्ले के लोग एकत्र होते देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मारपीट, छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### प्रेमिका के चक्कर में पत्नी को किया प्रताड़ित

**अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना थाने में एसजीपीजीआई की एक महिला कर्मी ने पति और उसकी सहकर्मी पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। एलडीए कॉलोनी निवासी अंकिता की शादी वर्ष 2015 में आशियाना सेक्टर–एल निवासी दीपक शर्मा से आर्य समाज मंदिर में हुई थी। दीपक बाराबिरवा स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत है। पीड़िता का आरोप है कि पिछले चार माह से पति का अपनी सहकर्मी से प्रेम संबंध चल रहा है। इसका विरोध करने पर पति मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करता है, मारपीट करता है और तलाक की धमकी देता है। साथ ही मोबाइल फोन हैक करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार मायके या कार्यस्थल जाने पर भी पति वहां पहुंचकर परेशान करता है। सितंबर 2025 में भी आशियाना थाने में शिकायत की गई थी। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि दीपक शर्मा और उसकी सहकर्मी के खिलाफ घरेलू हिंसा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### झोपड़ी में आग से फटा सिलेंडर, गृहस्थी राख

**अमृत विचार, लखनऊ :** निगोहा के परसपुर ठट्ठा गांव के किनारे बनीं एक झोपड़ी में शनिवार को आग लग गई। तपिश से झोपड़ी में रखा छोटा गैस सिलेंडर फट गया। धमाके की आवाज सुनकर लोग भागे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों राहत कार्य शुरू किया गया। आग से झोपड़ी की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। परसपुर ठट्ठा गांव निवासी गुड्डू मजदूरी करता है। उसका चार वर्षीय बेटा शिवा झोपड़ी के बाहर खेल रहा था। शनिवार सुबह अचानक झोपड़ी से धुआं निकलने लगा। जबतक लोग कुछ समझ पाते की आग ने विकराल रूप ले लिया था। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग पर काबू नहीं मिला। आग की लपटों को बढ़ता देखकर लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर आग की सूचना दी। जबतक दमकल की गाड़ी आती कि उससे पहले झोपड़ी के अंदर रखे छोटा गैस सिलेंडर फट गया। तेज धमाका होने पर लोग वहां से भागे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग से झोपड़ी में रखा राशन, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

# कार की टक्कर से बाइक सवार छात्र डिवाइडर से टकराया, मौत

## वैवाहिक समारोह से लौटते समय हुआ हादसा, मानकनगर के लंगड़ा फाटक इलाके की घटना

संवाददाता, आलमबाग



नितिन कुमार सिंह

**अमृत विचार:** मानकनगर थाना क्षेत्र के तालकटोरा रोड स्थित लंगड़ा फाटक के पास शुक्रवार देर रात वैवाहिक समारोह से लौट रहे छात्र की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। घायल को तड़पता देख वहां से गुजर रहे डिलीवरी ब्वॉय मदद के लिए बढ़ा। पुलिस व एंबुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गयी।

मूल रूप से देवरिया के सलेमपुर निवासी नितिन कुमार सिंह (25) पुत्र ज्ञान प्रकाश सिंह ठाकुरगंज के कैंपवेल रोड स्थित रिफा कॉलोनी में रहता था। निजी कोचिंग सेंटर में ट्यूशन पढ़ाने के साथ ही वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। परिवार में मां प्रतिमा सिंह और छोटा भाई वैभव हैं। घरवालों ने बताया कि शुक्रवार रात नितिन आलमबाग स्थित एक होटल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। देर रात करीब एक बजे वह बाइक से घर लौट रहा था।

रास्ते में लंगड़ा फाटक के पास अज्ञात वाहन ने बाइक से टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। हादसे में नितिन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी दौरान उधर से गुजर रहे डिलिवरी ब्वॉय ने खून से लथपथ युवक को तड़पता देख बिना देर किए पुलिस कंट्रोल नंबर और एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख ट्रामा रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने नितिन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि मानवता दिखाते हुए डिलीवरी ब्वॉय ने सारे प्रयास किए, लेकिन नितिन की जान नहीं बची। डिलीवरी ब्वॉय ने ही नितिन के मोबाइल से उसके परिजन को सूचना दी। जिसके बाद परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। परिजन के मुताबिक स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे में संभवतः ब्रेजा कार शामिल थी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बरामदे में मृत मिला युवक

■ **अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर स्थित एलडीए कॉलोनी में शुक्रवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक अपने घर के बरामदे में मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। एलडीए कॉलोनी सेक्टर डी–1 में रहने वाले रोहित सिंह (39) घर में अकेले थे। शुक्रवार शाम पड़ोसियों ने छत पर टंकी ओवरफ्लो होने से पानी गिरता देखा और रोहित को आवाज दी। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर पड़ोसी घर के भीतर पहुंचे तो वह फर्श पर अचेत पड़े थे। डायल–112 और परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने उन्हें लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई मोहित ने बताया कि रोहित की पत्नी अंशु दो बच्चों के साथ 9 फरवरी को बाराबंकी गई थीं। रोहित बेरोजगार थे और नशे के आदी बताए जा रहे हैं।

# तीन वैवाहिक समारोह से लाखों के जेवर चोरी

संवाददाता, चौक

- ठाकुरगंज, गोमतीनगर और विभूतिखंड की घटनाएं

**अमृत विचार:** अगर आपके परिवार या रिश्तेदारी में शादी है तो सतर्क हो जाइए। जरा सी लापरवाही आपको बड़े नुकसान में ला सकती है। या यूं कहे कि नजर चूकते ही सूट-बूट पहने चोर आपका पर्स व जेवर पार कर देंगे। ठाकुरगंज स्थित एक रिसॉर्ट में वरमाला के बीच चोरों ने दुल्हन के कमरे से लाखों के जेवर चोरी कर लिए। वहीं, गोमतीनगर स्थित बीबीडी अकादमी और विभूतिखंड स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित शादी में चोरों ने जेवर से भरे पर्स उड़ा लिए। एक वारदात में किशोर कैमरे में कैद हुआ है।

मड़ियांव के गायत्रीनगर नौबस्ता पुलिया निवासी अधिवक्ता अमित कुमार दीक्षित ने बताया कि बहन सुषमा की शादी 10 फरवरी को काला कोठी रिसॉर्ट एंड वेडिंग लक्स हुसैनाबाद में थी। परिवार शादी के कार्यक्रम में व्यस्त था। रात करीब 10:30 बजे बारात पहुंची। बारात के स्वागत में लड़कीवाले लग गए। रात 12 बजे जयमाल के लिए दुल्हन को कमरे से स्टेज पर ले गए थे। कुछ देर बाद भाभी कमरे में गयी तो पीछे का दरवाजा खुला और सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि सूटकेस में रखी वर की तीन अंगूठियां, वधू की तीन अंगूठियां, एक चेन, हार, झाला, पायल, दूल्हा-दुल्हन की दो टाइटन घड़ियां और मोबाइल चोरी हो गया। पीड़ित अमित ने रात में ही पुलिस को सूचना दी। विदाई के बाद पीड़ित ने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, गोमतीनगर के नेहरु एंक्लेव निवासी अंकित मिश्रा ने बताया कि घर की शादी 10 फरवरी को गोमतीनगर के बीबीडी अकादमी में थी। देर रात 9:35 बजे से 10:05 बजे के बीच शादी में घुसे चोर ने उनका बैग पार कर दिया। बैग में एक चेन, बाली, जरूरी पेपर, गाड़ी की चाभी व अन्य जरूरी कार्ड थे। किशोर की करतूत कैमरे में कैद हो गयी। गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उधर, विभूतिखंड के मंत्री आवास निवासी उत्कर्ष सिंह वत्स ने बताया कि भाई की शादी 6 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लॉन नंबर-2 में थी। बारात आगमन के बाद चोर ने उनकी सास का पर्स चोरी कर लिया। पर्स में उनकी बीवी का मंगलसूत्र समेत अन्य जेवर और मोबाइल था। विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हुक्का बार में छापा दो गिरफ्तार

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** पारा के मोहान रोड स्थित भवन में हुक्काबार संचालित हो रहा था। जानकारी होने पर पुलिस ने शनिवार को छापा मारा। मौके से दो युवकों और दो नाबालिग को पकड़ लिया। पुलिस ने हुक्का बार सील कर दिया है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक बुद्धेश्वर के पास एक बिल्डिंग में द अम्बर हुक कैफे में अवैध रूप से हुक्का बार चल रहा था। युवकों समेत नाबालिग किशोरों को नशा परोसा जा रहा था। पुलिस ने शनिवार को कैफे में छापा मारकर भारी मात्रा में हुक्का समेत प्रतिबंधित तम्बाकू को बरामद किया है। सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर तालकटोरा आलमनगर निवासी आयुष शर्मा एवं सआदतगंज के अम्बरगंज निवासी मो. शमीम को गिरफ्तार किया गया है।

# सात ओवरलोड वाहन सीज, 111 चालान

- सड़क सुरक्षा उल्लंघन पर कार्रवाई तेज, बंथरा हादसे के चालक के लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों ने शनिवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत व्यापक कार्रवाई की। ओवरलोडिंग और मानक के विरुद्ध संचालित वाहनों पर सख्ती बरतते हुए 7 ओवरलोड माल वाहनों को विभिन्न स्थानों पर निरुद्ध किया गया। इसके अलावा कर बकाया के मामलों में 4 वाहनों को सीज किया गया।

मानक और परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली 4 स्लीपर बसों का चालान किया गया। सड़क सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले 111 चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट दोपहिया चलाना, सीट बेल्ट न लगाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना और गलत दिशा में वाहन चलाना शामिल है। अभियान में यात्री/मालकर अधिकारी एसपी देव, आभा त्रिपाठी और अनीता वर्मा मौजूद रहीं।




बस का चालान करतीं परिवहन अधिकारी अनीता वर्मा। अमृत विचार

बाक्स-वहीं 12 फरवरी को बंथरा क्षेत्र में तेज रफ्तार कार से हुई दुर्घटना में 5 लोग घायल हुए थे और 6 वर्षीय बच्चे की मृत्यु हो गई थी। मामले में चालक गौरव सिंह के ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित और निरस्त करने की कार्रवाई शुरू करते हुए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 19 के तहत नोटिस जारी किया गया। नियमानुसार सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गांजा तस्कर गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



एसटीएफ की गिरफ्त में गांजा तस्करी करने के आरोपी। अमृत विचार

- एसटीएफ ने शुक्रवार देर रात गोमतीनगर विस्तार में की कार्रवाई
- ट्रक में मिला 92.50 लाख रुपये का गांजा, स्कॉर्पियो करती थी एस्कॉर्ट
- ओडिशा से छत्तीसगढ़ होते हुए लखनऊ लाकर करते थे सप्लाई

**अमृत विचार :** ओडिशा के मलखानगिरी से ट्रक के जरिए गांजा लाकर लखनऊ में सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया है। शुक्रवार देर रात गोमतीनगर विस्तार इलाके में घेराबंदी कर एक ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक से करीब 4 क्विंटल गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 92.50 लाख रुपये बताई गई है। मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गोमतीनगर विस्तार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के मुताबिक कई दिनों से राजधानी में गांजा तस्करी की सूचना मिल रही थी। इनपुट था कि इसमें ओडिशा का गिरोह शामिल है, जो छत्तीसगढ़ होते हुए लखनऊ गांजा लाता है। गिरोह बिना बॉडी वाले ट्रक या ट्रेलर में कैविटी बनाकर गांजा छिपाता था। सूचना के आधार पर टीम ने सर्विलांस के जरिए शालीमार बंधा के पास ट्रक व स्कॉर्पियो सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 3.70 कुंतल गांजा, पांच मोबाइल फोन, एक वाईफाई डोंगल और 9,300 रुपये बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में मड़ियांव निवासी जीतू श्रीवास्तव उर्फ दद्दा, बाराबंकी निवासी मयंक जायसवाल, इंदिरानगर निवासी पारितोष त्रिपाठी और बिहार निवासी चालक कुलदीप यादव शामिल हैं।

जीतू श्रीवास्तव ने बताया कि वह मयंक श्रीवास्तव उर्फ सूरज, रमन, पारितोष त्रिपाठी और जसवंत शर्मा उर्फ डोरेमॉन के साथ मिलकर तस्करी करता है। लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा और बहराइच सहित अन्य जिलों में मांग के अनुसार गांजा सप्लाई किया जाता था। भुगतान के बाद ट्रक और चालक की व्यवस्था कर उन्हें ओडिशा भेजा जाता था।

एसटीएफ के अनुसार मलखानगिरी से ट्रक के रवाना होने पर सीमा पार करते ही सूचना दी जाती थी। लखनऊ सीमा में प्रवेश करते ही आरोपी अपनी स्कॉर्पियो से ट्रक को एस्कॉर्ट कर पूर्व निर्धारित ठिकाने तक लाते थे, जहां माल उतारकर अन्य जनपदों में भेज दिया जाता था। जीतू ने बताया कि तस्करी से मिली रकम से एक डाला और एक कार खरीदी गई है। एसटीएफ गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

### इंटरनेट कॉल पर होती थी डिमांड व रेट की बात

■ पूछताछ में चालक कुलदीप ने बताया कि जीतू श्रीवास्तव के कहने पर वह मलखानगिरी से गांजा लाता था। ट्रेलर के चेसिस के ऊपर बने प्लेटफॉर्म में गुप्त कैविटी बनाई गई थी, जिसमें पांच से आठ क्विंटल तक गांजा छिपाया जा सकता था। बॉडी न होने से किसी को शक नहीं होता था। गांजा लोड होने के बाद सभी अपने मोबाइल बंद कर लेते और इंटरनेट कॉल के माध्यम से संपर्क में रहते थे। आरोपियों ने कबूल किया कि वे 20 से 25 बार ओडिशा से लखनऊ गांजा सप्लाई कर चुके हैं।

# सचिवालय पास व भारत सरकार लिखी कार सीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निरीक्षक ने गोसाईंगंज थाने में दी तहरीर, धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक इनोवा कार को रोका। भारत सरकार और सचिवालय का पास लगा पेपर मांगे। दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर गोसाइगंज पुलिस ने इनोवा को सीज कर दिया। वीडियोग्राफी करने के बाद आरोपी चालक समेत दो के खिलाफ गोसाईंगंज थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

निरीक्षक फूल सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक विक्रांत सिंह ने 12 फरवरी को चेकिंग के दौरान इनोवा कार को रोका। वाहन के आगे और पीछे लाल रंग से भारत सरकार लिखा होने के साथ ही सचिवालय का पास भी लगा हुआ था। इनोवा में इंदिरानगर वैष्णवी अपार्टमेंट निवासी मालिक चालक अतुल कुमार और उनका मित्र सचिन यादव बैठे थे। पुलिस ने उनसे पास और भारत सरकार लिखने के अधिकृत दस्तावेज मांगे गए तो वे नहीं दिखा पाए। जिसके चलते गाड़ी को सीज कर दिया गया। जांच के बाद निरीक्षक फूल सिंह ने दोनों के खिलाफ गोसाईंगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। मामले की जांच की जा रही है।

# कथित सह खातेदार ने जाली दस्तावेज बनाकर बेच दी जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने दुबग्गा थाने में चार पर दर्ज कराई फर्जीवाड़े की रिपोर्ट

अमृत विचारः दुबग्गा में जालसाज ने कथित सह खातेदार बनकर जाली दस्तावेज की मदद से पीड़ित की जमीन का एक टुकड़ा सवा पांच लाख में बेच दी। फर्जीवाड़े की जानकारी पीड़ित को तब हुई जब कुछ लोग कब्जा करने पहुंचे। पीड़ित ने दुबग्गा थाने में कथित सह खातेदार, गवाह समेत चार नामजद और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

छंदोइया खेड़ा दुबग्गा निवासी विनोद चौधरी ने बताया कि पिता लक्ष्मी नारायण की मौत के बाद वे ग्राम बरावन कला स्थित भूमि के सह-खातेदार हैं। उनका कहना है कि सह-खातेदार बुजुर्ग लालता प्रसाद ने अपने हिस्से की भूमि वर्ष 2022 में पंजीकृत दान विलेख के माध्यम से अपने बेटों को दे दी थी, जो उपनिबंधक कार्यालय में विधिवत पंजीकृत है। इसके बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने लालता प्रसाद बनकर पीड़ित की भूमि से करीब 900 वर्गफीट जमीन जाली पेपर बनाकर 21 जनवरी 2025 को नफीस अहमद निवासी हरदोई को 5.25 लाख रुपये में बेच ली। जिसमें मो. आजाद व मो. नौशाद को गवाह बनाया गया।

ठगी की जानकारी पीड़ित को तब हुई जब 30 नवंबर 2025 को कुछ लोग रजिस्ट्री लेकर जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी भाग गए। थाने में सुनवायी न होने पर पीड़ित विनोद ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आदेश पर दुबग्गा पुलिस ने जाली दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी, धमकी और कब्जे के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महिला वकील से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किया दुष्कर्म, दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरानगर निवासी महिला वकील ने एक युवक पर दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम पर दोनों की दोस्ती हुई थी, जिसके बाद आरोपी ने नजदीकियां बढ़ाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार जुलाई में उसकी इंस्टाग्राम के माध्यम से सर्वोदयनगर निवासी सैय्यद मो. मुजम्मिल इस्लाम से जान-पहचान हुई। कुछ समय तक दोनों के बीच चैटिंग होती रही, लेकिन आरोपी लगातार बातचीत का दबाव बनाने लगा। विरोध के बावजूद वह संपर्क में बना रहा। अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में दोनों की मुलाकात हुई। 9 नवंबर 2025 को आरोपी अपनी मां के साथ मकान मालिक से मिलने आया था। इसी दौरान वह मौका पाकर पीड़िता के कमरे में घुस गया और जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने शादी का वादा किया।

पीड़िता का आरोप है कि जब उसने आरोपी की मां को फोन कर घटना की जानकारी दी तो उन्होंने बदनामी का हवाला देकर शांत रहने और बेटे की शादी कराने का आश्वासन दिया। बाद में आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश मौर्या के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

**अमानवीय** | जलन व दर्द से चिल्लाती रही, पशु प्रेमी ने कराया इलाज

# कुतिया पर डाला तेजाब, जली खाल

संवाददाता, चौक

- तहरीर के आधार पर जांच शुरू खंगाले जा रहे सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचारः** राजधानी में स्ट्रीट डॉग के साथ अमानवीय घटना हुई। थाना क्षेत्र स्थित फूल वाली गली में अज्ञात व्यक्ति ने शुक्रवार देर रात कुतिया पर तेजाब डाल दिया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। तेजाब के हमले से पैर, जबड़े और सीने की हड्डी दिखने लगी है। घटना की जानकारी होने पर पशुप्रेमी मौके पर पहुंचे और डॉगी का इलाज शुरू कराया। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार सुबह स्ट्रीट डॉग के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास रहने वाले लोग वहां पहुंचे। देखा तो कुतिया का शरीर बुरी तरह जला हुआ और चमड़ी जगह-जगह से गल चुकी थी। उसके बच्चे भी वहीं थे। शरीर पर कई घाव से वह तड़प रही थी। सूचना पर पशु प्रेमी आ गए। लोगों ने पशुप्रेमियों को बताया कि कुतिया ने कुछ दिनों पहले छह बच्चों को जन्म दिया है।

पशुप्रेमियों ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से उसका इलाज शुरू किया। इस बीच किसी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पशु प्रेमी व स्थानीय लोगों ने तेजाब डालकर कुतिया को जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, आसरा द हेल्पिंग हैंड संस्था की अध्यक्ष चारू खरे को जब कुतिया पर एसिड अटैक की जानकारी हुई तो वह भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची। उनकी टीम ने इलाज किया और उसे खाना खिलाया। साथ ही उसके बच्चों को दूध पिलाया। चारू ने कार्रवाई के लिए चौक कोतवाली में लिखित शिकायत की है। घटना के कई वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हैं। एसएसआई अखिलेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# पूर्व सांसद के आवास पर फायरिंग, एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर क्षेत्र स्थित ओमेक्स सिटी में बहराइच की पूर्व सांसद डॉ. सावित्री बाई फुले के आवास पर शुक्रवार देर शाम फायरिंग की घटना हुई। गोली टीन शेड को भेदते हुए कमरे में जा गिरी। घटना के समय कमरे में मौजूद लोगों को कोई चोट नहीं आई।पूर्व सांसद के चालक राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि 13 फरवरी की शाम गोली चलने की आवाज सुनाई दी। बाहर निकलने पर कोई संदिग्ध नहीं दिखा। कमरे में लौटने पर जमीन पर गोली मिली और छत के टीन शेड में छेद दिखाई दिया। सूचना पूर्व सांसद को दी गई। राजेश की तहरीर पर बिजनौर थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पांच के खातों से उड़ाए 3.41 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज, पारा, विभूतिखंड व बाजारखाला कोतवाली में दर्ज कराए मामले

**अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड सैन्यकर्मी और अधिवक्ता समेत पांच लोगों के खातों से 3.41 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं पॉलिसी की पेमेंट ड्यू होने का झांसा दिया गया तो कहीं ऑनलाइन शॉपिंग के जरिए रकम पार कर दी गई। साइबर ठगी के ये मामले ठाकुरगंज, पारा, विभूतिखंड और बाजारखाला क्षेत्र के हैं। पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

ठाकुरगंज के अलमास बाग निवासी 60 वर्षीय रिटायर्ड सैन्यकर्मी तसौव्वर हुसैन का खाता भारतीय स्टेट बैंक में है। उन्होंने न तो क्रेडिट कार्ड बनवाया था और न ही एटीएम कार्ड लिया था। कुछ समय पहले मोबाइल पर मैसेज आने पर उन्होंने खाता चेक किया तो पता चला कि तीन बार में 1,18,386 रुपये निकाले जा चुके हैं। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने न किसी लिंक पर क्लिक किया और न ही ओटीपी साझा किया।

पारा के श्रीनाथ नगर निवासी सचिन तिवारी ने बताया कि फेसबुक पर यूट्यूब सदस्यता से संबंधित सुविधाओं का विज्ञापन देखकर संपर्क किया, जहां जालसाज ने 17,985 रुपये ट्रांसफर करा लिए। गोमतीनगर छोटी जुगौली निवासी अधिवक्ता विनेश कुमार सिंह का 17 सितंबर 2025 को मोबाइल कोर्ट के पास चोरी हो गया था, जिसके बाद उनके खाते से एक लाख रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली गई।

बाजारखाला के पुराना टिकैतगंज निवासी ऋषि कुमार अवस्थी ने बताया कि पीएनबी से ली गई जीवन बीमा पॉलिसी की पेमेंट ड्यू होने पर एजेंट से संपर्क नहीं हो सका। फेसबुक मैसेंजर पर मिले दूसरे नंबर पर बात करने पर खुद को पीएनबी मुंबई शाखा का कर्मचारी बताने वाले जालसाज ने 90 हजार रुपये ठग लिए। इसी क्षेत्र के मोतीझील ऐशबाग निवासी मोहम्मद अर्सलान के खाते से भी दो बार में 15 हजार रुपये पार कर दिए गए।

# इजहार-ए-इश्क ने महंगा कर दिया गुलाब

## वेलेंटाइन-डे पर गुलदस्ते भी इतराए, 1000 रुपये तक पहुंचे दाम



वेलेंटाइनडे पर दुकान पर गुलदस्ता खरीदकर निकलता युगल।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** वेलेंटाइन डे पर इजहार-ए-इश्क ने गुलाब और गुलदस्ते महंगे कर दिए। 20 रुपये में बिकने वाले गुलाब के दाम तीन गुना तक बढ़कर 60 रुपये प्रति पीस तक पहुंच गए। पीला, सफेद, पिंक जिनेलिया, टाटा रोज और सुपर रोज तो 60 से 80 रुपये तक में खरीदा गया।

वेलेनटाइन डे पर गुलाब ही नहीं गुलदस्ता भी खूब इतराया, सामान्य दिनों में 100-300 रुपये में बिकने वाला गुलदस्ता 500 से 1000 रुपये तक में बिका।

60 रुपये में बिकने वाले सन फ्लावर की कीमत 120 से 150 रुपये तक पहुंच गई। हजरतगंज के फ्लोरिस्ट शुभम ने बताया कि अविवाहित जोड़ों से लेकर दंपति तक ने लाल गुलाब को प्राथमिकता दी। वेलेंटाइन डे पर पर बाजार भी सजे दिखे। केक और चॉकलेट की दुकानों पर भी दिनभर युगलों की भीड़ रही। बेकरी पर हार्ट-शेप केक और चॉको लावा केक की विशेष मांग रही।

**60** से 80 रुपये प्रति पीस में बिका गुलाब का फूल



**150** रुपये तक पहुंच गई सन फ्लावर की कीमत

### दिल के डिजाइन वाला केक खूब खरीदा गया

- जेजे बेकर्स के मैनेजर ने बताया कि वैसे तो सभी डिजाइन के केक बिके, लेकिन दिल के आकार वाले केक की मांग सबसे अधिक रही। विवाहित लोग भी पत्नी के लिए ऐसे केक ले गए।



### युवाओं में ज्यादा रही चॉकलेट की मांग

- रानीगंज स्थित गिफ्ट शॉप के संचालक प्रशांत गुप्ता ने बताया कि 150 रुपये से 1500 रुपये तक के चॉकलेट गिफ्ट पैक खरीदे गए। वैलेंटाइन डे स्पेशल गिफ्ट हैम्पर 500 रुपये से 2000 रुपये तक में बिके। युवाओं में चाकलेट की मांग अधिक रही।

### लव बड्र्स रहे व्यस्त

- वैलेंटाइन वीक के दौरान नए प्रेमी जोड़े खासे व्यस्त रहे। फूलों के बंच और गुलदस्तों की बुकिंग पहले से कराई थी। व्यापारियों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी वैलेंटाइन डे पर बिक्री अच्छी रही।



वेलेंटाइनडे पर दिल के आकार का गुब्बारा लेकर पार्क में घूमता युगल।

### पार्कों में जुटे प्रेमी युगल तो दंपतियों ने बच्चों के साथ की प्राणि उद्यान की सैर

- वेलेंटाइन डे मनाने के लिए प्रेमी जोड़े शनिवार को राजधानी के बेगम हजरत महल, महावीर पार्क, जनेश्वर मिश्रा और गुलाब पार्क सहित कई पार्कों में नजर आए। इस दौरान जोड़ों ने गुलाब के फूल और उपहार देकर अपने प्यार का इजहार किया। इस दिन को मनाने के लिए नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में प्रेमी जोड़े के साथ दंपति बच्चों के साथ जू की सैर करते नजर आए।



प्राणी उद्यान में प्यार का इंजहार करता मकाऊ तोते का जोड़ा।

## सिटी ब्रीफ

### चालकों-परिचालकों ने की नियमित भर्ती की मांग

अमृत विचार : सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में करीब 10 हजार बसों के संचालन के लिए 42 हजार ड्राइवर और कंडक्टरों की नियमित भर्ती की मांग उठाई है। संघ के प्रदेश महामंत्री जसवंत सिंह ने कहा कि निगम में नियमित कर्मचारियों की संख्या लगातार घट रही है और बस संचालन संविदा कर्मियों के भरोसे चल रहा है। निगम के निर्धारित 2.16 कर्मी प्रति बस मानक के अनुसार 21 हजार ड्राइवर और 21 हजार कंडक्टर आवश्यक हैं। संघ ने संविदा कर्मियों के नियमितीकरण और बकाया देयकों के भुगतान की भी मांग की है।

### वार्षिकोत्सव में रक्षामंत्री को करेंगे आमंत्रित

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की कार्यपालिका समिति की बैठक नक्षत्र वाटिका गोमती नगर में हुई। बैठक में महासमिति के वार्षिकोत्सव में मुख्य संरक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आमंत्रित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सक्षम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन दिए जाने, .विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित करने, मंच संचालन करने, मंच की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन, स्मारिका के प्रकाशन, महासमिति की बैठकों को संजय निगम सचिव द्वारा कराए जाने, अन्य समितियों की कार्यवाही के लिए अभिनव शुक्ला संगठन मंत्री, महिलाओं को सैनिटरी पैड दिए जाने, कोषाध्यक्ष की आय व्यय की रिपोर्ट, सभी उपखंड समितियां के जून 2026 तक चुनाव कराने, वार्षिकोत्सव में सभी उपखंड समितियां से कम से कम 100 लोगों के साथ प्रतिभाग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में महासमिति के अध्यक्ष डॉ बीएन सिंह, महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला, सचिव व कार्यवाहक महासचिव कर्नल एएन पांडे, सचिव संजय निगम, केके मौर्य, सीजी नायर, कोषाध्यक्ष पीआर पांडे, संगठन मंत्री अभिनव शुक्ला, महिला प्रभारी नीलम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शिवालयों में विशेष पूजा, निकलेंगी बरात

## महाशिवरात्रि आज, मनकामेश्वर, कोनेश्वर, महाकाल समेत प्रमुख मंदिरों में विशेष तैयारियां



डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर में छत्र की सफाई करते सेवादार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः भूतभावन भगवन शिव और मां पर्वती के विवाह का उत्सव महाशिवरात्रि रविवार को मनाई जाएगी। इसके लिए मनकामेश्वर मंदिर, चौक कोनेश्वर, चौपटिया स्थित छोटा और बड़ा शिवालय, नादानमहल रोड सिद्धनाथ पीठ, महाकाल मंदिर समेत सभी प्रमुख शिवालयों में मंदिर समितयों और प्रशासन की ओर से तैयारियां कर ली गई हैं। शिवालयों को फूलों और बिजली की झालरों से सजाया गया है। शहर में कई जगह शिव बरात भी निकाली जाएगी। भक्तों के लिए देर रात 12 बजे गर्भगृह खोल दिए जाएंगे।

महाकाल मंदिर के महंत अतुल मिश्रा ने बताया कि रात 2 बजे बाबा का रुद्राभिषेक, 4 बजे से भस्म आरती, भांग से श्रृंगार, सुबह 6:30 बजे जलाभिषेक किया जाएगा। जलाभिषेक के लिए भक्तों को दोपहर 1 बजे से प्रवेश मिलेगा। दोपहर में रुद्राभिषेक, शाम 6:30 बजे महारुद्राभिषेक, श्रृंगार और महाआरती, छप्पन भोग अर्पण के बाद शिव नाम का जाप होगा।

सिद्धनाथ पीठ, मनकामेश्वर मंदिर और कोनेश्वर मंदिर में भक्त निर्बाध भगवान शिव के पंचाक्षरी मंत्र का जाप करेंगे। ऊं नमः शिवाय के पाठ से सभी मंदिर गुंजायमान होंगे। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरि ने बताया कि मंदिर में भारी भीड़ के चलते महिला और पुरुष भक्तों के लिए बैरिकेडिंग लगा दी गई है। भक्तों के लिए शिवालयों के बाहर बेलपत्र, भांग, धतूरा, शीशियों में गंगाजल समेत विभिन्न पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। भीड़ को देखते हुए भक्तों ने रात पूजन सामग्री एकत्र कर ली है। महाशिवरात्रि पर मांग बढ़ने के कारण फूल महंगे हो गए हैं। इसी तरफ व्रत को देखते हुए कुटू का आटा और फलों की कीमतों में बड़ा अंतर आया है।

### बाबा को लगाई मेहंदी

- राजेन्द्र नगर स्थित महाकाल मन्दिर में शनिवार को शिव और पार्वती की हल्दी और मेंहदी की रस्म मनाई गई। महिला मंडल की सदस्यों ने बाबा को मेंहदी लगाई। इसी मेंहदी को महिलाओं ने अपने हाथों पर लगा। बाबा को हल्दी लगाने के बाद उन्हें स्नान कराया गया। महिलाओं ने भव्य रूप से सजे मन्दिर में बन्ना-बन्नी के गीत गाये, मधुर संगीत बजाया गया। बाद में भस्म आरती हुई।

### ब्रह्माकुमारीज ने किया आध्यात्मिक मेले का आयोजन

- अमृत विचार, लखनऊ : सुल्तानपुर रोड स्थित गुलजार उपवन, राजयोग प्रशिक्षण केंद्र में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज ने झांकी एवं आध्यात्मिक मेले का आयोजन किया। इसमें शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों को दर्शाती झांकी तैयार की गई। बच्चों के लिए झूले, मनोरंजन की विशेष व्यवस्था तथा विभिन्न खान-पान के स्टॉल भी लगाए गए। शाम को 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विशाल ने कथक नृत्य तथा जय हो, जय हो शिव शंकरा... गीत पर प्रस्तुति दी। केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी राधा ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व को बताया।



नृत्य प्रस्तुत करता कलाकार।

### संयुक्त परिवारों को सम्मानित करेगा रोटी कपड़ा फाउंडेशन

- अमृत विचार, लखनऊ : रोटी कपड़ा फाउंडेशन की ओर महाशिवरात्रि को रुद्र पाठ ओम नम : शिवाय की गूंज के साथ संयुक्त परिवार संदेश के रूप में मनाया जाएगा। 16 फरवरी को भदोरिया परिवार, चौधरी परिवार, धवन परिवार, शर्मा परिवार और मेहरोत्रा परिवार के संयुक्त परिवारों को सम्मानित किया जाएगा। ऋद्धि किशोर गौड़ ने कहा कि परिवार के साथ इस महाशिवरात्रि पर शिव परिवार की पूजा के साथ यह संकल्प आत्मसात करना चाहिए।

# कर्बला अब्बास बाग के प्रशासक मौलाना जवाद का कार्यकाल बढ़ा

- शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की बैठक में हुए कई अहम फैसले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की बैठक शनिवार को इंदिरा भवन स्थित कार्यालय में चेयरमैन अली जैदी की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुतवल्लियों के सत्यापन जिलों से वापिस न आने पर समय सीमा तय होने का फैसला लिया गया। साथ ही जिलों के 13 मामलों में सर्वसम्मति से आदेश पारित किए गए। बोर्ड के सदस्य मौलाना रज़ा हुसैन, एडवोकेट शबाहत रिजवी, वीडियो कांफ्रेंस से पूर्व सांसद बेगम नूरबानो (रामपुर) ने भाग लिया। डॉ. नूरुस फ़ातिमा (प्रयागराज) से स्वास्थ्य खराब होने से बैठक में शामिल नहीं हो पाईं। मौलाना शबाब हैदर नकवी, सिरसी- संभल को दरगाह जोगीपुरा का प्रशासक नियुक्त करते हुए उनसे रमजान के बाद एक प्रबंध कमेटी प्रस्तावित कर बोर्ड के समक्ष रखने को कहा गया है। मौलाना कल्बे जवाद नकवी (इमाम-ए - जुमा लखनऊ) का करबला अब्बास बाग (हरदोई रोड) में बतौर प्रशासक कार्यकाल बढ़ाया गया। बैठक में बोर्ड के पूर्व सदस्य सैयद फैजी के मामले की बोर्ड में सुनवाई हुई। सैयद फैजी भी मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



संगोष्ठी में विचार रखते पी साईनाथ।

### देश भयंकर असमानता के दौर से गुजर रहा : साईनाथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** जन विचार मंच की ओर से असमानता के दौर में मीडिया विषय पर संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को कैफ़ी आज़मी अकादमी में किया गया। इसमें ग्रामीण पत्रकारिता के जनक रेमन मैगासेसे पुरस्कार से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति वीवी गिरि के पौत्र वरिष्ठ पत्रकार पी साईनाथ ने कहा कि आज देश भयंकर असमानता के दौर से गुजर रहा है। यह असमानता समाज के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त है। आर्थिक, सामाजिक, लैंगिक भाषाई असमानता देश और समाज के विभिन्न क्षेत्रों को भीतर से खोखला कर रही है। साहित्यकार नवीन जोशी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में लविवि की पूर्व कुलपति डॉक्टर रूपरेखा वर्मा, प्रो. रमेश दीक्षित, प्रो. नदीम हसनैन आदि मौजूद रहे। संचालन प्रतुल जोशी ने किया।



चारबाग स्टेशन पर प्रदर्शन करते कुली।

### जांच रिपोर्ट संसद में रखने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : रेल मंत्रालय की जांच रिपोर्ट संसद पटल पर रखने की मांग को लेकर राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने शनिवार को प्रदर्शन किया। मोर्चा नेरेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कुली, यात्री सहायक संवर्ग की आजीविका, सामाजिक सुरक्षा और नौकरी से जुड़े मुद्दों पर को लेकर कराई गई जांच की रिपोर्ट संसद में रखने की मांग की है। मोर्चा संयोजक राम सुरेश यादव ने बताया कि जांच की प्रगति या रिपोर्ट की जानकारी संगठन पदाधिकारियों और संबंधित सांसदों को न दिया जाना चिंताजनक है। संगठन ने बैटरी चालित वाहनों का संचालन रेलवे के सुरक्षा मानकों के अनुरूप कराने, वर्ष 2008 की भांति कुलियों को रेलवे की स्थायी सेवाओं में समायोजित करने, सामाजिक सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की है।



पौधरोपण करते प्रशिक्षणार्थी और अतिथि।

### उर्दू अकादमी में किया पौधरोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के रेडियो जॉकी कोर्स के 5वें बैच के सफल समापन पर प्रशिक्षणार्थियों ने पौधरोपण किया। अकादमी की मीडिया समन्वयक डॉ. सीमा मोदी ने बताया कि उर्दू अकादमी द्वारा संचालित रेडियो जॉकी एवं बेसिक रेडियो टेक्नोलॉजी त्रैमासिक कोर्स का 5वें बैच संपन्न हो गया। इसी के उपलक्ष्य में परिसर में प्रशिक्षणार्थियों एवं अतिथियों ने पौधारोपण कर पौधे लगाए। दूरदर्शन के पूर्व निदेशक सुशील कुमार सिंह तथा पूर्व तकनीकी निदेशक जीडी मिश्रा, प्रशिक्षणार्थी रचना, शशि, रोहिता, प्रियंका, अलीका, आयुषी, मानसी, वंदना आदि मौजूद रहीं।



कम्यूनिटी सेंटर निर्माण के लिए भूमि पूजन करते विधायक योगेश शुक्ला व अन्य।

### भूमि पूजन किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर विस्तार स्थित रिवर व्यू अपार्टमेंट के आवंटियों के लिए एलडीए 2900 वर्गमीटर क्षेत्रफल में कम्यूनिटी सेंटर बनाएगा। बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने शनिवार को निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि तीन मंजिला कम्यूनिटी सेंटर में मल्टीपर्पज हॉल व लॉन के साथ किचन, डाइनिंग एरिया व कमरे होंगे। लाइब्रेरी, इन्डोर गेम्स, जिम, योगा सेंटर, कैफे व स्वीमिंग पूल की भी मिलेगा।

**तैयारी** | रमजान को लेकर हुई बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष मौलाना फिरंगीमहली ने रखी मांग

# सेहरी-इफ्तार के समय मिले बिजली और पानी, सफाई भी कराएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** रमजान की तैयारियों को लेकर शनिवार को ऐशबाग ईदगाह में मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक की। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में रमजान के दौरान सफाई, बिजली आपूर्ति और सुरक्षा के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया।

मौलाना खालिद रशीद ने बताया कि 18 फरवरी को चांद हो जाएगा तो उसी रात से तरावीह शुरू हो जाएगी और पहला रोजा 19 फरवरी को होगा। मौलाना ने ईदगाह के अलावा शहर की सभी मस्जिदों के आसपास सफाई सफाई कराने और इफ्तार, तरावीह व सेहरी के समय बिजली आपूर्ति सुचारु रखी जाए। सहरी के समय पानी की अतिरिक्त पानी की आपूर्ति भी करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि तरावीह की सबसे बड़ी जमात जामा मस्जिद ईदगाह में 7:45 बजे रात से होगी। इसमें कुरान के पांच पारे सुनाए जाएंगे, जिसके लिए सुरक्षा और सफाई की व्यवस्था की जाए। ऐशबाग, बिल्लौचपुरा, अकबरी गेट, नक्खास, मौलवी गंज, गोलागंज, अमीनाबाद, कसाई बाड़ा, मछली मुहाल, हुसैनाबाद, डालीगंज, खदरा, खुर्रम नगर और अन्य मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में भी व्यवस्था न हो। मौलाना ने अवाम से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी के बहकावे में भी आने की अपील की। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने संपूर्ण व्यवस्था गत वर्ष की अपेक्षा और बेहतर कराने का आश्वासन दिया। एडीसीपी पश्चिम धनंजय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञान चन्द्र गुप्ता, एडिशनल चीफ मेडिकल अधिकारी एमएच सिद्दीकी, सिविल डिफेन्स के चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्रा, एसीपी सेन्ट्रल, एसीपी बाजार खाला, एसीपी चौक, लेसा, जल संस्थान और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, साथ में अन्य।

## सिटी ब्रीफ

### ओवरऑल चैंपियन बने योगेश त्यागी

अमृत विचार, लखनऊ : द पाल्मस गोल्फ क्लब के मैदान पर आयोजित डोर भाई कप गोल्फ टूर्नामेंट में योगेश त्यागी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। विशेष रूप से आर्किटेक्ट समूह के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 25 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में योगेश त्यागी विजेता रहे, जबकि आरपी शाही उपविजेता बने। योगेश त्यागी ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए पुरुष वर्ग के साथ-साथ ओवरऑल विजेता का सम्मान भी हासिल किया। महिला वर्ग में दीक्षा पटेल प्रथम रहीं, जबकि अवितेश वैष्णवी सिंह उपविजेता रहीं। विशेष पुरस्कारों में एसके सिंह को लॉन्गेस्ट ड्राइव, ऋषि दुग्गल को मॉन्स्टर ड्राइव, आरपी शाही को नियरेस्ट टू द पिन और योगेश बाजपेयी को स्ट्रेटेस्ट ड्राइव का पुरस्कार दिया गया। बेस्ट ड्रेस (पुरुष) का पुरस्कार प्रशांत रेड्डी और बेस्ट ड्रेस (महिला) का सम्मान अवितेश वैष्णवी सिंह को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल एके सिंह और ब्रज भान ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एसके सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### दवा नहीं मिलने पर चाचा-भतीजे को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट इलाके में मेडिकल स्टोर मालिक ने प्रतिबंधित दवा नहीं बेचने की बात कही तो दो युवकों ने हंगामा कर दिया। आरोपियों ने स्टोर मालिक के बेटे और भाई की पिटाई कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने धमकी दी। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग निकले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। मटियारी निवासी पवन कुमार यादव ने बताया कि उनका देवा रोड पर इंडियन बैंक के नीचे मेडिकल स्टोर है। शुक्रवार देर रात 10 :32 बजे शुभम और उसके साथी स्टोर पर पहुंचे। उन लोगों ने पवन से एक दवा मांगी। पीड़ित ने दवा प्रतिबंधित होने की बात कही। बोला कि उनके पास उक्त दवा नहीं है। आरोप है कि इस बात को लेकर आरोपियों ने पीड़ित के बेटे और उनके भाई को पीटना शुरू कर दिया। पुलिस से शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर चिनहट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# उत्तराखंड और कर्नाटक का मुकाबला आज से

## अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में रविवार से रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में रविवार से रणजी ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला शुरू होगा। सात साल के छोटे रणजी इतिहास में पहली बार अंतिम चार में पहुंची उत्तराखंड की टीम मजबूत कर्नाटक को चुनौती देगी। शनिवार को दोनों टीमों ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाते हुए अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप दिया।

दिग्गज खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की टीम फाइनल में जगह बनाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। टीम के पास मयंक अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल और करुण नायर जैसे अनुभवी बल्लेबाज मौजूद हैं। केएल राहुल के भी सेमीफाइनल में जुड़ने की संभावना है, जिससे बल्लेबाजी क्रम और सशक्त हो सकता है। युवा बल्लेबाज रविंद्रन स्मरण (688 रन) और ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल (41 विकेट व 442 रन) टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं।


अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करता खिलाड़ी। अमृत विचार


अभ्यास सत्र के दौरान गेंदबाजी करता खिलाड़ी। अमृत विचार

वहीं उत्तराखंड की सफलता का आधार सामूहिक प्रदर्शन रहा है। टीम की बल्लेबाजी की धुरी कुनाल चंदेला (709 रन) हैं। गेंदबाजी में स्पिनर स्वप्निल सिंह (52 विकेट) और जगदीशन सुचित (46 विकेट) ने विरोधी टीमों को चौंकाया है। कप्तान को भूपेन लालवानी और प्रशांत चोपड़ा से बड़ी पारियों की उम्मीद होगी, जबकि अवनीश सुधा का फॉर्म में लौटना टीम के मनोबल को मजबूती दे रहा है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला रोमांचक होने की पूरी उम्मीद है, जहां अनुभव और युवा जोश की कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

# नवनीत और अमन ने दिलाई यार्कर को जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यार्कर क्रिकेट क्लब ने बीबीडी ए डिवीजन क्रिकेट लीग के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी को 33 रनों से हराकर पूरे अंक हासिल किए। मुकाबला शनिवार को डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए यार्कर क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर में छह विकेट गंवाकर 201 रन बनाए। अमन सिंह चौहान ने संयम के साथ 69 रनों की अहम पारी खेली। कार्तिकेय सिंह ने 45 रन बनाकर टीम को मजबूत आधार दिया, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलकर स्कोर को सम्मानजनक स्तर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नियमित अंतराल पर




विकेट गिरते रहे। दिव्य प्रकाश सिंह ने 44 रनों की तेज पारी खेलकर मुकाबले में बने रहने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का अपेक्षित साथ नहीं मिला। पूरी टीम 38.4 ओवर में 168 रन पर सिमट गई। यार्कर की जीत के नायक नवनीत कुमार रहे, जिन्होंने सात ओवर में एक मेडन रखते हुए 39 रन देकर चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। अमन की अर्धशतकीय पारी और नवनीत की घातक गेंदबाजी के दम पर यार्कर क्रिकेट क्लब ने अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

# सिक्योरिटी हंटर्स और इंजीनियरिंग डेयर डेविल्स के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल में दर्ज की जीत, फाइनल में बनाई जगह



**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ की देखरेख में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर आयोजित अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद फाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। खिताबी मुकाबले में अब सिक्योरिटी हंटर्स और इंजीनियरिंग डेयर डेविल्स आमने-सामने होंगी। पहले सेमीफाइनल में सिक्योरिटी हंटर्स ने ऑपरेटिंग एवेंजर्स को 19 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिक्योरिटी हंटर्स ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। कप्तान राम आशीष यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 78 रन की अहम पारी खेली।

ऑपरेटिंग एवेंजर्स की ओर से सिद्धांत सिंह ने चार विकेट झटके, जबकि सर्वेश और शिवांग दुबे ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑपरेटिंग एवेंजर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन ही बना सकी। शिवांश श्रीवास्तव ने 36 और सिद्धांत सिंह ने 37 रन बनाए। सिक्योरिटी हंटर्स की ओर से जय सिंह और निखिल डीवी ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

दूसरे सेमीफाइनल में इंजीनियरिंग डेयर डेविल्स ने जनरल एडमिन को 31 रनों से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंजीनियरिंग डेयर डेविल्स ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 166 रन बनाए। कप्तान मनीष झा ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि सचिन कुमार ने नाबाद 28 रन जोड़े। जनरल एडमिन की ओर से रंजीत कुमार ने दो विकेट, जबकि मुकलेश मीणा और सन्नी सिंह ने एक-एक विकेट लिया।

166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जनरल एडमिन की टीम 20 ओवर में 135 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उदित मिश्रा ने 41 और राहुल यादव ने 26 रन बनाए। इंजीनियरिंग डेयर डेविल्स की ओर से रोहित और मनीष झा ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। अब क्रिकेट प्रेमियों की नजरें फाइनल मुकाबले पर टिकी हैं, जहां दोनों टीमें खिताब जीतने के लिए पूरा दमखम लगाएंगी।

# अंतर महाविद्यालय क्रिकेट में एनएमपीजी कॉलेज चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज (जेएनएमपीजी) के मैदान पर खेली गई 53वीं श्रीमती सुंदरी देवी अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मेजबान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। टीम की ओर से आर्यन क्षितिज ने 51 रनों की जुझारू पारी खेली। मनोज ने 26 और आयुष पाण्डेय ने 22 रन जोड़े। जेएनएमपीजी की ओर से सटीक गेंदबाजी करते हुए सचिन यादव ने तीन विकेट लिए, जबकि प्रखर और प्रवीण को एक-एक सफलता मिली।

134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेएनएमपीजी की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। आदित्य प्रताप सिंह ने 47 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 58 रनों की शानदार मैच विनिंग पारी खेली। कप्तान


विजेता टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

- फाइनल मैच में क्रिश्चियन कॉलेज को छह विकेट से हराया
- आदित्य प्रताप सिंह की मैच विनिंग पारी, आर्यन क्षितिज बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट

हर्षवर्धन सिंह ने 15 गेंदों पर 24 रनों का तेजतर्रार योगदान दिया। टीम ने 17.3 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व रणजी खिलाड़ी सौरभ दुबे और विशिष्ट अतिथि लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव नईम चिश्ती ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. केके शुक्ला, प्रबंधक जीसी शुक्ल, प्रो. शुचि मिश्रा, प्रो. मधु गौड़ सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पुरस्कार विजेता खिलाड़ी

- मैन ऑफ द मैच – आदित्य प्रताप सिंह (जेएनएमपीजी)
- सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज – आयुष पाण्डेय (क्रिश्चियन कॉलेज)
- सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज – सचिन यादव (जेएनएमपीजी)
- मैन ऑफ द टूर्नामेंट – आर्यन क्षितिज (क्रिश्चियन कॉलेज)

## आयोजन



दिल्ली पब्लिक स्कूल, इंदिरा नगर लखनऊ में 'इनोविज़न' शैक्षिक प्रदर्शनी में अपने मॉडल का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# सफल विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गोमती नगर स्थित सीएमए भवन के ऑडिटोरियम में आईसीएमएआई के लखनऊ चैप्टर द्वारा परीक्षा सत्र जून 2026 के लिए ओरल क्लासेस की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर पूर्व परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी अखिलेश कुमार निगम ने अपने शैक्षिक जीवन के संस्मरण साझा करते हुए व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और सकारात्मक सोच पर जोर दिया। उन्होंने तनाव, निराशा एवं अवसाद से उबरकर निरंतर प्रगति करने के व्यावहारिक उपाय बताए। साथ ही मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई


दीप प्रज्जवलित करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

और अपनी कविताओं से भी प्रेरित किया। चेयरमैन सीएमए रंजीत सिंह ने विद्यार्थियों को एकाग्रता और मेहनत से देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। प्रो. कौशल किशोर शुक्ला ने प्रोफेशनल कोर्सेज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग की सलाह दी। विशेष अतिथि सीएमए सुनील कुमार सिंह व सचिव सीएमए अभिषेक मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन और व्यवहारिक दक्षता के साथ लक्ष्य प्राप्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में चैप्टर के पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति रही।

### नन्हे-मुन्नों के आयोजन में दादी-नानी ने जलाया दीप

**अमृत विचार, लखनऊ :** क्रेयॉन किड्स इंदिरानगर ने उर्दू अकादमी के प्रेक्षागृह में अपना 13वां वार्षिकोत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसे विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के दादा-दादी एवं नाना-नानी द्वारा सम्पन्न किया गया। राष्ट्रगान और गणेश वंदना की प्रस्तुति से समारोह की विधिवत शुरुआत हुई। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सांहिश, सुमाया, मारवी, अनिका, रचित, सिया, रुद्र, मोहम्मद अली, रेगनार समेत 50 से अधिक बच्चों ने मंच पर अपनी बाल सुलभ प्रस्तुतियों से दादा-दादी, नाना-नानी, पापा-मम्मी का दिल जीत लिया। समारोह में सुकन्या, मनीषा, माधुरी, दिव्या, अलका समेत कई विद्यार्थियों की माताओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य और विद्यालय के पूर्व छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। प्रधानाचार्य नमिता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एसडीजी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यावहारिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "सतत विकास लक्ष्य एवं भारत में आर्थिक विकासः उपलब्धियाँ एवं भावी चुनौतियाँ" विषय पर भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देशभर के विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने भाग लेकर सतत विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया।

मुख्य अतिथि डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एपी सिंह रहे, जबकि भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक पंकज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पंकज कुमार ने जलवायु परिवर्तन को वित्तीय जोखिम बताते हुए सतत वित्त की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं प्रो. एपी सिंह ने सतत विकास के संस्थागत और विधिक आयामों को रेखांकित किया।


गोष्ठी में मौजूद विशेषज्ञ। अमृत विचार

पूर्ण अधिवेशन में भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय तथा अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान के विशेषज्ञों ने एसडीजी, जलवायु कार्रवाई, स्वच्छ ऊर्जा और जनसांख्यिकीय बदलावों पर अपने विचार रखे। तकनीकी सत्र आयोजित हुए, जिनमें एसडीजी और आर्थिक वृद्धि, क्षेत्रीय व सामाजिक विषमताएं तथा जलवायु कार्रवाई एवं हरित अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर 100 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में देशभर से 250 से अधिक शोध-पत्र प्राप्त हुए।

## कार्यक्रम

### छह दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यशाला

# एसेंशियल ऑयल प्रोसेसिंग तकनीकों पर दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर-सीमैप) ने किसानों और उद्यमियों के लिए एसेन्शियल ऑयल प्रोसेसिंग तकनीकों पर छह दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला 9 से 14 फरवरी तक आयोजित की गई, जिसमें देश के 12 से अधिक राज्यों से आईं आठ महिला प्रतिभागियों सहित कुल 28 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

समापन सत्र में निदेशक डॉ. ज़बीर अहमद ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल देते हुए देश-विदेश में एसेन्शियल ऑयल्स की बढ़ती बाजार संभावनाओं के अनुरूप प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन तकनीकों में विशेषज्ञता विकसित करने की जरूरत बताई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुदीप टंडन ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को सगंध पौधों की प्रसंस्करण तकनीकों का व्यवस्थित ज्ञान देना और उन्हें तकनीकी व व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था। गुणवत्ता विश्लेषण प्रक्रियाओं पर विशेष जोर दिया गया, क्योंकि निर्यात बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की मांग होती है। प्रशिक्षण में डिस्टिलेशन, मेंथोल क्रिस्टलीकरण, मूल्य संवर्धन और सुगंधित तेलों के फ्रैक्शनकरण से संबंधित पहलुओं पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।

समापन अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. लैक़ उर रहमान, डॉ. ए.एस. नेगी, डॉ. राम स्वरूप वर्मा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रमेश श्रीवास्तव और डॉ. अतुल गुप्ता सहित अन्य वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों से संवाद कर मार्गदर्शन प्रदान किया।

### डॉ. ज़बीर अहमद को सीएसआईआर-सीमैप के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के निदेशक डॉ. ज़बीर अहमद ने शनिवार को सीएसआईआर- केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर-सीमैप), लखनऊ के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। यह जिम्मेदारी उन्हें पूर्व निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी के कार्यकाल समाप्त होने के बाद सौंपी गई है। आधिकारिक आदेश के अनुसार यह व्यवस्था 14 फरवरी से प्रभावी है और नियमित निदेशक की नियुक्ति या अगले आदेश तक वे यह दायित्व निभाएंगे। सीएसआईआर-सीमैप औषधीय और सुगंधित पौधों पर शोध के लिए प्रमुख राष्ट्रीय प्रयोगशाला है, जबकि सीएसआईआर-आईआईआईएम, जम्मू प्राकृतिक उत्पादों, दवा खोज और समग्र चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है। 28 से अधिक वर्षों के शोध अनुभव वाले डॉ. अहमद ने मधुमेह, मोटापा और रुमेटीइड गठिया सहित सूजन व चयापचय संबंधी विकारों पर महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने सीएसआईआर फाइटोफार्मास्युटिकल मिशन, अरोमा मिशन और फूलों की खेती मिशन के क्रियान्वयन का नेतृत्व किया तथा लैवेंडर की खेती के माध्यम से 'बैंगनी क्रांति' को गति दी। उनके नेतृत्व में कई स्टार्ट-अप और ट्रांसलेशनल परियोजनाएं शुरू हुईं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के घट्टी (कठुआ) और हंदवाड़ा में दो औद्योगिक बायोटेक पार्क स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई। अब तक 150 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित कर चुके डॉ. अहमद ने 15 पीएचडी और 65 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया है तथा उनके नाम 15 पेटेंट दर्ज हैं।